उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार, 12 कार्तिक, शक संवत्, 1937
## ( दिनांकः 03 नवम्बर, 2015 )
### समय 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)

2. प्रश्न (देखिए **"ख"** तथा **"ग"**)

3. निधन के निदेश।

4. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2015 के प्रथम सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य–संचालन नियमावली, 2005 के नियम–300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या–14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

5. मुख्यमंत्री, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद–151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक द्वारा प्रस्तुत "राज्य के वित्त पर 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिये भारत के नियंत्रक–महालेखा परीक्षक का प्रतिवेदन" (उत्तराखण्ड सरकार) सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री "भारत का संविधान" के अनुच्छेद–151(2) के अधीन भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्रतिवेदन संख्या–1 वर्ष 2015 (उत्तराखण्ड सरकार) तथा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा 31 मार्च, 2014 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उत्तराखण्ड में प्राकृतिक आपदा, जून, 2013 (प्रतिक्रिया, राहत एवं तात्कालिक प्रकृति के क्षतिग्रस्त अवसंरचनाओं की पुनर्स्थापना) की निष्पादन लेखापरीक्षा पर भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक का वर्ष 2015 का प्रतिवेदन संख्या–2 (उत्तराखण्ड सरकार) को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. पेयजल मंत्री उत्तर प्रदेश जल सम्भरण एवं सीवर व्यवस्था अधिनियम–1975 की धारा–50 (5) (क) के अन्तर्गत "उत्तराखण्ड पेयजल निगम के वर्ष 2010–11 से वर्ष 2013–14 तक के वार्षिक लेखा प्रतिवेदन" सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 24 (4) के अधीन सतर्कता विभग एवं सतर्कता अधिष्ठान पर जारी की गई अधिसूचना संख्याः 63/XLIII(1)/15–38(36)12, दिनांक 03 जून, 2015, को सदन के पटल पर रखेंगे।

9. सभापति, विशेषाधिकार समिति, विधान सभा, उत्तराखण्ड, तृतीय विधान सभा की विशेषाधिकार समिति का वर्ष 2015 का प्रथम प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

10. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

11. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर में किमोई–मसराना मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्री कुवंर सिंह पंवार, (ब्लाक प्रमुख) निवासी ग्राम रौतु की बेली पो0 सुवाखोली जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत दुलम के तोक ठागाधार गाडाखरिक मोटर मार्ग बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री पूरन सिंह दानू, निवासी ग्राम दुलम (गाडाखरिक) जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम पंचायत दुलम के तोक ठागाधार गाडाखरिक को राजस्व ग्राम बनाने के सम्बन्ध में" श्री दीवान सिंह, निवासी ग्राम ठागधार पो0 नाचती जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के जूनियर हाईस्कूल गोगिना में स्कूल के आगे सुरक्षा दीवाल बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री जसपाल सिंह, निवासी ग्राम व पो0 गोगिना, तहसील कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के प्राथमिक पाठशाला रातिर के भवन निर्माण के सम्बन्ध में" श्री चतुर सिंह, निवासी ग्राम मल्खाडुर्गचा, पो0 रातिर केटी, तहसील कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के अन्तर्गत प्राथमिक पाठशाला फुरमुला के भवन निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती भागीरथी देवी, निवासी ग्राम व पो0 गोगिना, तहसील कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोगिना तोक दर्धो, सूगा, गिरपट्ा, धारी, धारी पातल, लोहारकुडा में हो रहे भूस्खलन की रोकथाम के सम्बन्ध में" श्री प्रवीण सिंह, निवासी ग्राम पंचायत व पो0 गोगिना, तहसील कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज रातिरकेटी में हाईस्कूल एवं इण्टर का परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री भगवान सिंह, निवासी ग्राम मल्खाडुर्गचा पो0 रातिरकेटी, तहसील कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दोबाड़ में सरण से दोबाड़ ट्राली को पुनः संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती जानकी देवी, निवासी ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दोबाड़, विकासखण्ड कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के ग्राम पंचायत दोबाड में ए0एन0एम0 सेन्टर स्वीकृत कराये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती जानकी देवी, निवासी ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दोबाड, पट्टी मल्ला दानपुर, विकासखण्ड कपकोट, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर में अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं को डिग्री कोर्स कराये जाने हेतु सरकार द्वारा तीन वर्ष की अनुदान राशि दिलाये जाने के सम्बन्ध में" श्री चन्द्रवीर पुण्डीर, क्षेत्र पंचायत भुंयासारी निवासी ग्राम खेड़ा पो0 भुंयासारी जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर के दुगड्डा पुल से बंगसील तक मोटर मार्ग डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री कुंवर सिंह पंवार, ब्लाक प्रमुख, निवासी ग्राम रौतु की बेली, पो0 सुवाखोली, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड जौनपुर के अगलाड नदी से प्रभावित कई गाँव एंव थत्यूड बाजार की बाढ़ सुरक्षा हेतु सुरक्षा दीवार बनाने के सम्बन्ध में" श्री कुंवर सिंह पंवार, ब्लाक प्रमुख, निवासी ग्राम रौतु की बेली, पो0 सुवाखोली, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री महावीर सिंह रांगड, सदस्य, विधान सभा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार के ग्राम रमोलसारी में सितम्बर 1998 से लगातार भूस्खलन होने के कारण ग्राम को अन्यत्र विस्थापित किये जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती बबीता शाह, ब्लाक प्रमुख, थौलधार, निवासी ग्राम दड़माली, पो0 कटखेत, जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका द्वारा उपस्थित करेंगे।

25. श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम खेतलसण्डा मुस्ताजर क्षेत्र खटीमा में महेश चन्द के घर से बाबा जी की बगिया तक बरसाती नाले से हो रहे भूकटाव रोकने हेतु सुरक्षा दीवार बनाये जाने के सम्बन्ध में" श्री बॉबी रावत, निवासी ग्राम खेतलसण्डा मुस्ताजर क्षेत्र खटीमा, जनपद ऊधमसिंहनगर एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

27. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

28. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

29. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–**"घ"**)

30. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

31. वित्तीय वर्ष 2015–2016 की प्रथम अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा एवं मतदानः–

(1) संसदीय कार्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–01 विधान सभा के अन्तर्गत **रू0 14060 हजार (एक करोड़ चालीस लाख साठ हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(2) संसदीय कार्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–03 मंत्रि–परिषद के अन्तर्गत **रू0 693597 हजार (उनहत्तर करोड़ पैतीस लाख संतानवे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(3) विधि एवं न्याय मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–04 न्याय प्रशासन के अन्तर्गत **रू0 388380 हजार ( अड़तीस करोड़ तिरासी लाख अस्सी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(4) संसदीय कार्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–05 निर्वाचन के अन्तर्गत **रू0 73200 हजार (सात करोड़ बत्तीस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(5) राजस्व मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत **रू0 2933071 हजार (दो सौ तिरानबे करोड़ तीस लाख इक्हत्तर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(6) वित्त मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवायें के अन्तर्गत **रू0 5341562 हजार (पॉच सौ चौतीस करोड़ पन्द्रह लाख बासठ हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(7) मुख्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–08 आबकारी के अन्तर्गत **रू0 38910 हजार (तीन करोड़ नवासी लाख दस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(8) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–09 लोक सेवा आयोग के अन्तर्गत **रू0 29900 हजार (दो करोड निन्यानवे लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(9) गृह मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–10 पुलिस एवं जेल के अन्तर्गत **रू0 519445 हजार (इक्यावन करोड़ चौरानबे लाख पैतालीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(10) शिक्षा मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–11 शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत **रू0 5189996 हजार (पॉच सौ अठ्ठारह करोड़ निन्यानबे लाख छियानबे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(11) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत **रू0 2796387 हजार (दो सौ उन्यासी करोड़ तिरसठ लाख सत्तासी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(12) पेयजल मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत **रू0 5625017 हजार (पॉच सौ बासठ करोड़ पचास लाख सत्रह हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(13) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–14 सूचना के अन्तर्गत **रू0 164486 हजार (सोलह करोड़ चौवालीस लाख छियासी हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(14) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–15 कल्याण योजनाएं के अन्तर्गत **रू0 2859591 हजार (दो सौ पचासी करोड़ पंचानवे लाख इक्यानवे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(15) श्रम मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–16 श्रम और रोजगार के अन्तर्गत **रू0 344994 हजार (चौतीस करोड़ उन्चास लाख चौरानबे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(16) कृषि मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत **रू0 2506921 हजार (दो सौ पचास करोड़ उन्हत्तर लाख इक्कीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(17) सहकारिता मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–18 सहकारिता के अन्तर्गत **रू0 106260 हजार (दस करोड़ बासठ लाख साठ हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(18) ग्राम्य विकास मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–19 ग्राम्य विकास के अन्तर्गत **रू0 2219900 हजार (दो सौ इक्कीस करोड़ निन्यानबे लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(19) सिंचाई मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत **रू0 5313626 हजार (पॉच सौ इक्तीस करोड़ छत्तीस लाख छब्बीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(20) मुख्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–21 उर्जा के अन्तर्गत **रू0 343200 हजार (चौतीस करोड़ बत्तीस लाख)** रूपंये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(21) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–22 लोक निर्माण कार्य के अन्तर्गत **रू0 4004000 हजार (चार सौ करोड़ चालीस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(22) उद्योग मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–23 उद्योग के अन्तर्गत **रू0 1356569 हजार (एक सौ पैतीस करोड़ पैसठ लाख उन्हतर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(23) परिवहन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–24 परिवहन के अन्तर्गत **रू0 122894 हजार (बारह करोड़ अठाईस लाख चौरानबे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(24) खाद्य मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–25 खाद्य के अन्तर्गत **रू0 35230 हजार (तीन करोड़ बावन लाख तीस हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(25) पर्यटन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–26 पर्यटन के अन्तर्गत **रू0 93600 हजार (नौ करोड़ छत्तीस लाख)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(26) मुख्यमंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–27 वन के अन्तर्गत **रू0 611574 हजार (इक्सठ करोड़ पन्द्रह लाख चौहत्तर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(27) पशुपालन मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–28 पशुपालन सम्बन्धी कार्य के अन्तर्गत **रू0 139894 हजार (तेरह करोड़ अठानबे लाख चौरानबे हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(28) उद्यान मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत **रू0 236405 हजार (तेईस करोड़ चौसठ लाख पांच हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(29) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–30 अनुसूचित जातियों का कल्याण के अन्तर्गत **रू0 3008072 हजार (तीन सौ करोड़ अस्सी लाख बहत्तर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

(30) समाज कल्याण मंत्री, श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि अनुदान संख्या–31 अनुसूचित जनजातियों का कल्याण के अन्तर्गत **रू0 757476 हजार (पचहतर करोड़ चौहत्तर लाख छिहत्तर हजार)** रूपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 2015–2016 के लिए स्वीकार की जाय।

32. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड विनियोग (2015–2016 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

33. वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड विनियोग (2015–2016 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

34. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विनियोग (2015–2016 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय।

35. वित्त मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विनियोग (2015–2016 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

36. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

37. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

38. मुख्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों तथा उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

39. मुख्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों तथा उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

40. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2015" पर विचार किया जाय।(15 मिनट)

41. संसदीय कार्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2015" पारित किया जाय।

42. श्रम मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

43. श्रम मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

44. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड उपकर विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

45. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड उपकर विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

46. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

47. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

48. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

49. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड चलचित्र (विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

50. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आमोद और पणकर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

51. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड आमोद और पणकर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

52. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

53. वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

54. शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

55. शिक्षा मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

56. माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को प्रस्तुत निम्नलिखित सरकारी संकल्प पर चर्चाः–

"राज्य सरकार प्रदेश में कृषि तथा उद्यान एवं इन पर आधारित उद्योगों के लिये ऐसी नीतियां तथा कार्यक्रम कियान्वित करेगी जिससे राज्य के पर्वतीय अंचल के कृषि, औद्यानिक उत्पाद तथा प्रसंस्करण उद्योंगों को इस प्रकार विकसित किया जा सके जिसमें प्रदेश को न केवल खाद्य सुरक्षा प्राप्त को सके अपितु यह उत्पाद प्रदेश की आर्थिकी का भी मजबूत आधार बन सके तथा पर्यावरण संरक्षण वृद्धि के साथ–साथ स्थानीय रोजगार वृद्धि का साधन बने।"

57. माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को प्रस्तुत निम्नलिखित सरकारी संकल्प पर चर्चा :–

"राज्य सरकार विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता संवर्द्धन, विस्तार, समता तथा सुधारों के लिये ऐसी नीतियां तथा कार्यक्रम कियान्वित करेगी, जिससे प्रदेश के सभा वर्गो के प्रत्येक छात्र–छात्रा एवं युवाओं को सुलभ एवं उच्च गुणवत्ता की ऐसी शिक्षा प्राप्त हो सके ताकि वह समाज के उपयोगी, उत्पादक, जागरूक एवं जिम्मेदार सदस्य बन सकें। वह अपने तथा अपने परिवार को आर्थिक स्वनिर्भरता प्रदान कर सकें और सार्थक रोजगार के माध्यम से प्रदेश के आर्थिक उत्थान में योगदान कर सकें।"

58. गृह विभाग द्वारा सरकार के 12 विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के समानुपात आधार पर पुलिस विभाग में कार्यरत निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक (एम) के वेतनमान एवं ग्रेड वेतन को अन्य राज्य कर्मचारियों की भांति संशोधित उच्चीकृत विषयक दिनांक 18 मार्च, 2015 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–01 के संबंध में श्री कुंवर प्रणव सिह "चैम्पियन", सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम–51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

59. शिक्षा विभाग द्वारा एक शैक्षणिक सत्र में एक ही उद्देश्य की पूर्ति हेतु निर्गत किये गये शासनादेशों में की गयी अलग–अलग व्यवस्था के अनुपालन में एक ही शैक्षणिक सत्र में अधिवर्षता आयु प्राप्त शिक्षकों के मध्य उत्पन्न विसंगति विषयक दिनांक 19 मार्च, 2015 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–16 के संबंध में श्री पुष्कर सिह धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम–51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

60. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**गैरसैंण :**
**दिनांक : 02 नवम्बर, 2015**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

नत्थी "घ"

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 02 नवम्बर, 2015 की बैठक में दिनांक 03 नवम्बर, 2015 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

नवम्बर, 2015

03 मंगलवार

1.विधायी कार्य

1. उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
2. "उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों तथा उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक, 2015" का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
3. "भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2015" का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
4. उत्तराखण्ड औद्योगिक विवाद (संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
5. उत्तराखण्ड उपकर विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
6. उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर (संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
7. उत्तराखण्ड चलचित्र (विनियम) (संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
8. उत्तराखण्ड आमोद और पणकर (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
9. उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
10. उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा (संशोधन) विधेयक, 2015 का विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

2. माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को प्रस्तुत निम्नलिखित सरकारी संकल्प पर चर्चा जारी:–

"राज्य सरकार प्रदेश में कृषि तथा उद्यान एवं इन पर आधारित उद्योगों के लिये ऐसी नीतियां तथा कार्यक्रम कियान्वित करेगी जिससे राज्य के पर्वतीय अंचल के कृषि, औद्यानिक उत्पाद तथा प्रसंस्करण उद्योंगों को इस प्रकार विकसित किया जा सके जिसमें प्रदेश को न केवल खाद्य सुरक्षा प्राप्त को सके अपितु यह उत्पाद प्रदेश की आर्थिकी का भी मजबूत आधार बन सके तथा पर्यावरण संरक्षण वृद्धि के साथ–साथ स्थानीय रोजगार वृद्धि का साधन बने।"

3. माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दिनांक 10 जून, 2014 को प्रस्तुत निम्नलिखित सरकारी संकल्प पर चर्चा जारी:–

"राज्य सरकार विद्यालयी शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता संवर्द्धन, विस्तार, समता तथा सुधारों के लिये ऐसी नीतियां तथा कार्यकम कियान्वित करेगी, जिससे प्रदेश के सभा वर्गो के प्रत्येक छात्र–छात्रा एवं युवाओं को सुलभ एवं उच्च गुणवत्ता की ऐसी शिक्षा प्राप्त हो सके ताकि वह समाज के उपयोगी, उत्पादक, जागरूक एवं जिम्मेदार सदस्य बन सकें। वह अपने तथा अपने परिवार को आर्थिक स्वनिर्भरता प्रदान कर सकें और सार्थक रोजगार के माध्यम से प्रदेश के आर्थिक उत्थान में योगदान कर सकें।"

शेष कार्यकम यथावत रहेंगे।

द्वितीय सत्र, 2015
का प्रथम मंगलवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## मंगलवार, 12 कार्तिक, शक संवत्, 1937

## ( दिनांक : 03 नवम्बर, 2015 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश
20.10.2015

पर्यावरण

**क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इकाईयों में से निकलने वाले कैमिकल युक्त दूषित जल बहाव के कारण उक्त क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र में पीने का पानी भी दूषित हो रहा है, जिस कारण वहां निवासरत लोगों में काफी गम्भीर बीमारियां हो रही हैं ? इस संबंध में सरकार कोई योजना बना रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि यह फैक्ट्रियां जल शोधक संयत्र लगा रही हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री हरिदास
26.10.2015

गृह

**क्या गृह मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में विगत कुछ दिन पूर्व ही जनपद देहरादून के चकराता क्षेत्र में अनुसूचित जाति के लोगों को स्थानीय सवर्ण लोगों द्वारा धार्मिक स्थल पर जाने से जबरन रोकने, जातीय आधार पर उनका उत्पीड़न करने तथा उनके साथ मारपीट करने की निन्दनीय घटना घटित हुई है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में एस0सी0/एस0टी0 एक्ट की उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेगी ?

# नत्थी "ख"

**<u>उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य संचालन नियमावली 2005 के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2015 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न</u>**

| | | |
|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>07.03.2015 | *01. क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कुछ निजी चीनी मिले अपने अधिकृत गन्ना क्षेत्रों के अतिरिक्त अन्य क्षेत्र में भी गन्ना कय कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार अनाधिकृत गन्ना कय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>03.03.2015 | *02. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी के कारण क्षेत्रीय जनता स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने से वंचित हैं तथा शिशु मृत्यु दर में भी वृद्धि हुयी है ? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा विगत 02 वर्षों में क्या प्रयत्न किये गये ? क्या सरकार चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने तथा दुर्गम क्षेत्रों में बहुउद्येशीय कर्मी के रूप में प्रत्येक गांव में फार्मासिस्टों की नियुक्ति हेतु विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

## नत्थी 'ग'

## तारांकित प्रश्न

श्री पुष्कर सिंह धामी
07.08.2015

*01. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में वर्ष 2018 में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल के दृष्टिगत सरकार द्वारा अभी तक कोई योजना तैयार की गई है ? यदि हां, तो योजना के आधार पर अभी तक कौन कौन से कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है ? यदि नहीं, तो सरकार द्वारा अभी तक कोई भी कार्ययोजना तैयार न किये जाने के क्या कारण हैं ? **खेल**

श्री हरभजन सिंह चीमा
07.08.2015

*02. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत एल0डी0भट्ट चिकित्सालय काशीपुर का संचालन पीपीपी मोड में दिये जाने के विरोध में काशीपुर की जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है और आये दिन जनता आन्दोलनरत है ? यदि हां, तो क्या सरकार चिकित्सालय को पीपीपी मोड में नहीं देगी और इसका संचालन यथावत रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? **स्वास्थ्य**

श्री पुष्कर सिंह धामी
10.08.2015

*03. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा नगर पालिका के सीमा विस्तार किये जाने हेतु मा0 मंत्री द्वारा की गई घोषणा एवं कई बार शासन को विस्तारीकरण हेतु भेजे गये प्रस्तावों के बाद भी अभी तक सीमा विस्तार न होने के क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनहित में जनता की मांग को देखते हुए सरकार नगर पालिका सीमा विस्तार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **शहरी विकास**

श्री महावीर सिंह रांगड़
10.08.2015

*04. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में कितने प्राधिकरणों की अधिकारिता है ? क्या सरकार साडा की अधिकारिता से समस्त क्षेत्र को मुक्त करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? **आवास**

श्री हीरा सिंह बिष्ट
10.08.2015

*05. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश की सरकारी व सहकारी चीनी मिलों के सुधार के क्या प्रयास किये गए ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि गदरपुर सहकारी चीनी मिल को एक साजिश के अन्तर्गत बन्द कर हजारों किसानों व मजदूरों को भुखमरी के कगार पर खड़ा कर दिया है ? क्या सरकार ने कार्यरत कर्मचारियों व किसानों के भविष्य के लिए कोई ठोस नीति बनाई है ? यदि हां, तो वह क्या हे ? यदि नहीं, तो क्यों ? गन्ना

श्रीमती विजय बड़थ्वाल
10.08.2015

*06. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** **पशुपालन**

क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पशुपालन को बढावा देने के लिए प्रदेश में क्या क्या योजनायें बनाई गई हैं तथा जनपद वार उसका विवरण क्या है ? क्या उक्त योजनाओं का लाभ पशुपालकों को मिला है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिह धामी 11.08.2015 | *07. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्षा जल संरक्षण योजना के अन्तर्गत जलाशय, टैंक, जलकुन्डों का निर्माण कर प्रदेश वासियों को लाभान्वित किया जा रहा है ? यदि हां, तो अभी तक सरकार द्वारा प्रदेशभर में कितने जलाशय, टैंक एवं जलकुन्डों के निर्माण कराये जा चुके हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री चन्दन राम दास 11.08.2015 | *08. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय जनपदों में आग लगने से कितनी जलाऊ लकड़ी की नुकसान हुआ उस धनराशि का जनपदवार विवरण क्या है तथा आग लगने से वर्ष 2012–13, वर्ष 2013–14 व वर्ष 2014–15 में वन विभाग को लीसा, लकड़ी, जड़ी बूटी सहित वन सम्पदा को कितना नुकसान हुआ है ? यदि हां तो क्या वन सम्पदा के नुकसान को बचाने के लिए वन विभाग के पास कोई ठोस योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री मालचन्द 11.08.2015 | *09. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा पुरोला के अन्तर्गत नैगांव, पुरोला एवं मोरी के पर्वतीय क्षेत्रों में भेड बकरी पालन लोगों का मुख्य व्यवसाय है एवं आजीविका का मुख्य साधन है ? यदि हां, तो क्या वन विभाग पर्वतीय क्षेत्रों के भेड बकरी पालकों को शीतकाल में स्थायी परमिट जारी करने पर विचार करेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 11.08.2015 | *10. | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी के कारण क्षेत्रीय जनता स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने से वंचित है तथा शिशु मृत्यु दर मे भी वृद्धि हुयी है ? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा विगत 02 वर्षों में क्या प्रयत्न किये गये ? क्या सरकार चिकित्सकों के रिक्त पदों को भरने तथा दुर्गम क्षेत्रों में बहुउद्येशीय कर्मी के रूप में प्रत्येक गांव में फार्मासिस्टों की नियुक्ति पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 11.08.2015 | *11. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश स्थित पं0 शांति प्रपन्न शर्मा राजकीय चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर में एम0आर0आई व सी0टी स्कैन की सुविधा नहीं होने से गंभीर चोट व अन्य मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार कब तक इन सुविधाओं को वहां मुहैया करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2015 | *12. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजभरा द्वारा संचालित अस्पतालों को हटाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 12.08.2015 | *13. | **द्वितीय बुधवार के तारांकित 14 में स्थाना0** क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश तीर्थनगरी होने के कारण सैकड़ों तीर्थयात्री/श्रद्धालु ऋषिकेश में गंगा स्नान करते हैं, किन्तु गंगा के किनारे उचित घाट नहीं होने/गंगा धारा दूर बहने के कारण अनेकों लोग गंगा में बहे हैं जिससे उनकी जीवनलीला समाप्त हुई है ? यदि हां, तो सरकार इन घटनाओं की रोकथाम एवं त्रिवेणी घाट पर गंगा धारा लाने पर क्या कदम उठाने जा रही है ? | **नगर विकास** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 12.08.2015 | *14. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राजाजी नेशनल पार्क को बांध संरक्षण पार्क के रूप में घोषित किये जाने के बाद इसके निकटवर्ती गांव जैसे रायवाला, प्रतीनगर, खांडगांव, गौहरी–माफी खैरी खुर्द, खैरी कलां, साहबनगर आदि के ग्रामीणों को आये दिन जंगली वन्य जन्तु हाथी, गुलदार, सुअरों से जाल माल की हानि हो रही है जिससे ग्रामीण काफी भयभीत हैं ? यदि हां, तो इस समस्या के निदान हेतु सरकार क्या कदम उठाने जा रही है यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री चन्दन राम दास 12.08.2015 | *15. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के चिकित्सालयों में वर्तमान समय में ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 के कितने पद रिक्त हैं ? क्या सरकार सरकारी प्रशिक्षण प्राप्त ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 के अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मदन कौशिक 12.08.2015 | *16. | क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विकास प्राधिकरण में नक्शा स्वीकृति से प्राप्त हुई आय को खर्च करने की क्या कोई नीति है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि नीति के अनुसार खर्च नहीं करने के क्या कारण हैं एवं सरकार द्वारा इस पर क्या कार्यवाही की जा रही है ? | **आवास** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 13.08.2015 | *17. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत नगर निगम काशीपुर में सीवरेज लाईन का विस्तार किया जाना सरकार के विचाराधीन है ? यदि हां, तो यह कार्य कब तक आरम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि काशीपुर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान लगाया जाना सरकार की योजना में शामिल है ? यदि हां, तो योजना का विवरण क्या है और कब तक इस पर कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 13.08.2015 | *18. | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत काशीपुर नगर क्षेत्र में बरसात के मौसम में जलभराव होने से नगर का आवासीय एवं शहरी क्षेत्र 4 से 5 फीट ऊंचाई तक डूबने के कगार पर आ जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा काशीपुर शहर की जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु कोई योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो योजना पर प्रारूप क्या है ओर योजना पर कब तक कार्य प्रारम्भ किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री मदन कौशिक 13.08.2015 | *19. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार निगम में निर्वाचित बोर्ड द्वारा वर्तमान तक कुल कितने निर्णय लिये गये हैं ? क्या अधिकारियों द्वारा बोर्ड निर्णयों के अनुसार कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 14.08.2015 | *20. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राजाजी राष्ट्रीय पार्क में वन गुज्जर समुदाय को विस्थापित करने की प्रकिया वर्ष 2009 से शिथिल हो गई है ? यदि हां, तो क्या सन 1998 में वन गुज्जरों की वन विभाग द्वारा की गई गणना अनुसार इनके परिवारों की संख्या 1390 का आलेख दर्ज हो जाने के उपरान्त सन् 2009 में पुनः गणनोपरान्त छूटे हुए परिवारों की संख्या 1610 अभिलेख में दर्ज कर देने के पश्चात वन विभाग के द्वारा उन्हें पुर्नवास का भरोसा दिलाया गया था ? क्या उक्त 1610 छूट गये परिवारों को वन विभाग की 8 रेंजों कमशः चीला चिलावाली, रामगढ, धौलखण्ड, मोतीचूर, कांसरों, हरिद्वार व गोहरी में पुर्नवासित कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो इनके पुर्नवास की अद्यतन स्थिति को स्पष्ट करते हुए क्या सरकार राजाजी टाईगर रिजर्व के पुर्नवास से छूटे हुए वन गुर्जर परिवारों का अतिशीघ्र सत्यापन करवायेगी एवं तदानुसार उनका पुर्नवास सुनिश्चित कराया जाएगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बंशीधर भगत 07.08.2015 | 01. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र कालाढूंगी में सन् 2009 में पाण्डेनवाड़ ग्राम में ए0एन0एम0 सेन्टर की स्वीकृति हुई है ? यदि हां, तो स्वीकृति वर्ष से वर्तमान तक मुख्य भवन के निर्माण के लिए कुल कितनी धनराशि व्यय की गयी है तथा इस सेन्टर हेतु कुल कितने पदों की स्वीकृति प्रदान की गयी है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इसी भवन के आवासीय एवं बाउन्ड्री वॉल के लिए वित्तीय वर्ष 2012 में रूपये 20 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है किन्तु इतनी धनराशि व्यय होने के बावजूद भी ए0एन0एम0 सेन्टर का निर्माण कार्य पूर्ण न होने के पश्चात क्या इसी वित्तीय वर्ष में यह केन्द्र प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.08.2015 | 02. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर में स्थित रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय पैथोलॉजी में टेक्निशियन की नियुक्ति किये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 685/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 18 फरवरी, 2014 पर मुख्यमंत्री द्वारा अपनी टीप में क "स्वीकृत/नियुक्ति" अंकित किया गया है ? यदि हां, तो पैथोलॉजी में टेक्निशियन की नियुक्ति/तैनाती करने/करवाने के संबंध में की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक टेक्निश्यिन की तैनाती की जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 10.08.2015 | 03. | क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विकास खण्डरामनगर के अन्तर्गत द श्रेणी पशु औषधालय पीरूमदारा को ब्लाक स्तरीय पशुसेवा केन्द्र किये जाने के संबंध में अपर निदेशक पशुपालन विभाग कुमाऊ मण्डल, नैनीताल के पत्रांक 7512–14/स्था–02/उच्च स्तर/2014–15 दिनांक 18/12/2014 के द्वारा प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रस्ताव शासन में कब प्राप्त हुआ है और शासन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के कियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति कया है तथा कब तक "द" श्रेणी पशु औषधालय पीरूमदारा को ब्लाक स्तरीय पशु सेवा केन्द्र किया जायेगा ? | **पशुपालन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हीरा सिंह बिष्ट<br>10.08.2015 | 04. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत काशीपुर चीनी मिल कब से बन्द पड़ी है और इसके बन्द होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मिल प्रबन्धकों पर किसानों व मजदूरों का कितना बकाया है तथा इसका भुगतान कब तक हो जायेगा ? | **गन्ना** |
| श्री हीरा सिंह बिष्ट<br>10.08.2015 | 05. क्या गन्ना विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की सहकारी व सरकारी चीनी मिलों के सुधार की कोई योजना बनाई गयी है ? यदि नहीं तो क्यों ? यदि हां तो वह क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि हजारों किसानों व श्रमिकों के हितों के विपरीत गदरपुर चीनी मिल को सत्र के बीच में बन्द करने के क्या कारण हैं तथा इनके भुगतान की क्या स्थिति है ? | **गन्ना** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10.08.2015 | 06. क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि एल0डी0भट्ट चिकित्सालय काशीपुर में पिछले लम्बे समय से विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद रिक्त पडे हैं जिस कारण क्षेत्र के लोगों को अपने इलाज के लिए विवशता बाहर जाना पड़ता है ? यदि हां तो सरकार द्वारा चिकित्सालय में चिकित्सकों की नियुक्ति के प्रति अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है तो कितने चिकित्सकों द्वारा चिकित्सालय में ज्वाईनिंग दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>10.08.2015 | 07. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के दूर दराज के कुछ क्षेत्रों में जहां कई कि0मी0 पैदल आना जाना पड़ता है वहां सरकार द्वारा आयुर्वेदिक डाक्टरों की नियुक्ति की गयी है तथा क्षेत्र में डाक्टरों की कमी होने के कारण जनता की छोटी छोटी बीमारियों को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या सरकार जहां आयुर्वेदिक डॉक्टर हैं उन केन्द्रों पर डॉक्टरों द्वारा जनहित में जनता की समस्याओं को देखते हुए आयुर्वेदिक/एलोपैथिक उपचार करने पर विचार करेगी जिससे छोटी–छोटी बीमारी/समस्याओं से निजात मिल सके ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>10.08.2015 | 08. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के विकास खण्ड नौगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सरकार द्वारा पी0पी0 मोड में दिया गया जहां पूर्व की भांति डाक्टरों की व्यवस्था नहीं है जिससे क्षेत्र कि जनता में काफी असंतोष है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>10.08.2015 | 09. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत पुरोला में बर्फिया लाल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं मोरी क्षेत्र की गरीब जनता के लिए मात्र उपचार का एक साधन है जहां पर डॉक्टर न होने से विकट समस्या उत्पन हो गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार बफिर्या लाल जुवांठा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुरोला में डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द<br>10.08.2015 | 10. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत विकास खण्ड मोरी के दूर दराज क्षेत्र से जहां कई कि0मी0 पैदल आकर लोग स्वास्थ्य केन्द्रों पर पहुंचते हैं वहां पूरे क्षेत्र में तैनात ए0एन0एम/नर्सों का स्थानान्तरण किया गया है ? यदि हां, तो मंत्री जी विकास खण्ड मोरी एवं पुरोला के उपरोक्त क्षेत्रों में ए0एन0एम/नर्सों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>10.08.2015 | 11. क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत ऋषिकेश विधान सभा क्षेत्र में कितने लोगों को इसका लाभ मिल रहा है तथा इस योजना के क्या मानक हैं ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>11.08.2015 | 12. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले के सल्ट विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम–बसेड़ी में ए0एन0एम0 सेन्टर वर्ष 2005 से बनकर तैयार होने के बावजूद भी वर्तमान समय तक हस्तान्तरित नहीं किया गया है ? क्या सरकार उक्त ए0एन0एम0 सेन्टर को शीघ्र विभाग को हस्तान्तरित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>11.08.2015 | 13. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सड़कों के वन भूमि के प्रस्ताव स्वीकृति हेतु ऑन लाईन किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित की गई है ? यदि हां, तो कितना समय लगेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री मालचन्द<br>11.08.2015 | 14. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत नैटवाडा–धौला एवं सांकरी–तालुका तथा जरमोला–नौरी–व्यांली–खिमोतरा मोटर मार्ग जो कि वन विभाग के अधीन है ? क्या सरकार उक्त वन मोटर मार्गों को लो0नि0वि0 के अन्तर्गत परिवर्तित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>11.08.2015 | 15. क्या पशु पालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के थौलधार विकास खण्ड में ग्राम सभा कोट, क्यूलगी, रतनौ, बोरगांव, उजाड़गांव, सांकरी, बण्डवालगांव, कोटी (रौल्यालु की) का केन्द्र बिन्दु ग्राम टिपरी है ? उक्त गांवों में लगभग 25–30 गायें, 25–30 भैंसे, बैल, भेड़ एवं बकरिया हैं जिनको कृत्रिम गर्भाधान एवं अन्य बीमारियों के इलाज/जानकारी हेतु पशु चिकित्सालय कमान्द जाना पड़ता है ? क्या सरकार जनहित में पशु सेवा केन्द्र ग्राम टिपरी में खोलने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पशुपालन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>11.08.2015 | 16. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि पं0 शांति प्रपन्न शर्मा रा0 चिकित्सालय ऋषिकेश में ब्लड बैंक होते हुए भी इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो कब तक सरकार इस ब्लड बैंक के संचालन हेतु नवम्बर 14 से रिक्त पैथोलोजिस्ट के पद पर नियुक्ति करेगी एवं साथ ही कान–नाक–गला विशेषज्ञ व त्वचा रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 12.08.2015 | 17. क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रथम सत्र 2015 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 21 के उत्तर के अनुसार विधान सभा क्षेत्र खटीमा में वर्ष 2007 से निर्माणाधीन सरकारी अस्पताल का कार्य एवं अन्य कार्य पूर्ण हो चुके हैं ? यदि हां, तो क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त न होने के क्या कारण हैं ? यदि नहीं, तो अभी तक कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा सीमान्त क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के लाभ हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है ? | **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 12.08.2015 | 18. **द्वितीय गुरूवार के अता0 24 में स्थाना0**<br>क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के सीमान्त विधान सभा क्षेत्र खटीमा में स्टेडियम बनाये जाने हेतु अनेकों प्रयासों के बावजूद भी स्टेडियम न बनाये जाने के क्या कारण है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रकरण को संज्ञान में लाने के बाद सीमान्त क्षेत्र खटीमा में स्टेडियम बनाये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है ? यदि हां, तो प्रशासनिक स्वीकृति के उपरान्त अभी तक स्टेडियम का निर्माण न किये जाने के क्या कारण हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री चन्दन राम दास 12.08.2015 | 19. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्र को बन्दरों के आतंक से कृषकों को फसल बीमा दिये जाने का प्रावधान है ? यदि हां तो कैसे व कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि बन्दरों को पकड़ने व बन्दीकरण के लिए सरकार ने ठोस प्रयास किये हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 12.08.2015 | 20. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में रोटापानी नामक स्थान पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय निर्माण की स्वीकृति वर्षों पूर्व से प्राप्त होने के उपरान्त भी वर्तमान तक निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो कब तक सरकार जनहित में शीघ्र निर्माण कराते हुए इसका लाभ जनता को देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 13.08.2015 | 21. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय रेशम उद्यान छोई, रामनगर, नैनीताल की भूमि की लीज बढाए जाने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव मा0 मुख्यमंत्री के पत्रांक वी0आई0पी0/6733/XXXV–1(2013(3) दिनांक 27 सितम्बर, 2013 के द्वारा प्रमुख सचिव वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को भेजे जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रमुख सचिव, वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या इसी प्रकरण में प्रमुख सचिव उद्यान विभाग के पत्रांक 2060/XVI–1/13/5/(11)/2013 दिनांक 03 सितम्बर, 2013 के द्वारा प्रमुख सचिव, वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को भी लिखा गया है ? यदि हां, तो संदर्भित प्रकरण पर की गयी कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक लीज बढाए जाने की संभावना है ? | **वन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>13.08.2015 | 22. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत नगरपालिका परिषद काशीपुर को नगर निगम का दर्जा दिये जाने के उपरान्त नगर निगम के मानकों के अनुरूप स्वीकृत पदों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गयी है ? यदि हां, तो क्या नियुक्ति किये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी ज्वाईनिंग नगर निगम कार्यालय में दे दी गई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>14.08.2015 | 23 | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय रेशम उद्यान छोई, रामनगर, नैनीताल की भूमि की लीज बढाए जाने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु सचिव मा0 मुख्यमंत्री के पत्रांक वी0आई0पी0/6733/XXXV-1(2013(3) दिनांक 27 सितम्बर, 2013 के द्वारा प्रमुख सचिव वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को भेजे जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रमुख सचिव, वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या इसी प्रकरण में प्रमुख सचिव उद्यान विभाग के पत्रांक 2060/XVI-1/13/5/(11)/2013 दिनांक 03 सितम्बर, 2013 के द्वारा प्रमुख सचिव, वन विभाग, उत्तराखण्ड शासन को भी लिखा गया है ? यदि हां, तो संदर्भित प्रकरण पर की गयी कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक लीज बढाए जाने की संभावना है ? | **वन** |
| श्री मालचन्द<br>14.08.2015 | 24 | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला, नौगांव, मोरी के कास्तकारों की नगदी फसलें मुख्य आजीविका है जिसको जंगली सूअरों द्वारा तहस नहस किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इसकी रोकथाम हेतु कोई उपाय करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>14.08.2015 | 25 | क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के डीडीहाट नगर पंचायत में टैक्सी स्टैंड बारात घर का अवशेष रूपये अवमुक्त न होने से निर्माण कार्य 03 साल से बन्द है ? यदि हां, तो क्या सरकार अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने हेतु धन अवमुक्त करायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री प्रेम सिंह राणा<br>14.08.2015 | 26 | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत नानकमत्ता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण करने पर सरकार क्या कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>14.08.2015 | 27 | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के 08 गांव बडियार के लिए मात्र एक वन विभाग को सड़क पूर्व से निर्मित है जहां अन्य सड़क बनना मुश्किल है क्योंकि वन से अच्छादित है ? क्या मंत्री जी उपरोक्त पुरोला जरमोला से खिमोत्रा तक वि0ख0 पुरोला एवं वि0ख0 नौगांव के दोनों क्षेत्रों के समस्त कास्तकारों/बडियार को जोड़ता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उपरोक्त सड़क का जीर्णोद्धार हेतु विचार करेंगे ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>17.08.2015 | 28 | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र रिखणीखाल के उच्चीकरण में क्या कोई कार्यवाही की गयी है ? यदि हां, तो उसका वर्षवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा उच्चीकृत चिकित्सा केन्द्र हेतु कोई भवन बनाया गया है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा<br>17.08.2015 | 29 | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण करने पर सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>17.08.2015 | 30 | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के अन्तर्गत धनोल्टी में चिकित्सालय लगभग 20 वर्ष पूर्व से किराये पर चल रहा है और पूर्व में यद्यपि चिकित्सा भवन स्वीकृत हुआ था लेकिन भूमि उपलब्ध न होने से लम्बित पड़ा हुआ है जबकि वहां पर 100 नाली राजस्व भूमि उपलब्ध है ? क्या सरकार चिकित्सा भवन के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री हरबंस कपूर<br>17.08.2015 | 31 | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में जंगली, सुअर, बन्दर एवं लंगूर के कारण जनता के घर, खेत, खलिहान तथा फसलों को काफी नुकसान हो रहा है तथा यह पलायन का कारण भी बन रहा है ? क्या सरकार ने इसके प्रति कोई योजना बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्रीमती विजय बडथ्वाल<br>18.08.2015 | 32 | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड प्रदेश में कुल कितनी वैध पशुवधशालाएं हैं ? क्या सभी पशुवधशालाओं का संचालन मानक के अनुरूप हो रहा है ? यदि हां, तो क्या खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अवैध पशुवधशालाओं को चिन्हित किया गया है ? यदि नहीं, तो सरकार ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्यवही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर<br>18.08.2015 | 33 | क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि विनियमित क्षेत्र पिथौरागढ में भवन प्लान पास करने हेतु कृषि विभाग के अवर अभियन्ता को प्रतिनियुक्ति में विभाग में तैनात किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कृषि डिप्लोमा धारक से किस नियम के तहत विभाग सिविल के कार्य करवा रहा है ? क्या उक्त अवर अभियन्ता के पास सिविल का डिप्लोमा प्राप्त है ? यदि हां, तो किस संस्थान से किस वर्ष सिविल डिप्लोमा प्राप्त किया गया था ? क्या इसके लिए उन्होने अपने मूल विभाग से अनुमति प्राप्त की थी ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>18.08.2015 | 34 क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भवन निर्माण एवं विकास उपविधि विनियम 2011 उत्तराखण्ड के लागू होने के उपरान्त विनियमित क्षेत्र (न0पा0 पिथौरागढ) के अन्तर्गत वर्ष 2011 से वर्ष 2015 तक कुल कितने भवन स्वामियों ने भवन निर्माण हेतु भवन प्लान विभाग के समक्ष रखे ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इनमें से कितने भवन नियमों के अनुरूप यानि कि आवासीय प्रयोजन हेतु 40 मी0 तथा व्यावसायिक प्रयोजन हेतु 75 वर्ग मी0 के हैं ? क्या इन भवनों को स्वीकृति प्रदान करते समय वर्तमान उपविधि के अनुसार मार्गाधिकार प्रावधान के अनुरूप 450 मी0 मार्ग की चौड़ाई रखी गई है ? क्या सरकार इसकी जांच करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19.08.2015 | 35 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जंगली जानवरों से जन मानस एवं कृषि उत्पादन की सुरक्षा हेतु वन विभाग द्वारा क्या कोई उपाय किये गये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2012 से आज तक जंगली जानवरों द्वारा कितने लोगों को जान से मारा गया और कितनों को घायल किया गया तथा कुल कितना मुआवजा दिया गया ? क्या सरकार फसलों की रक्षा के लिए इलैक्ट्रिक फेन्सिंग बाड़ आदि गांवों में लगायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>19.08.2015 | 36 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत शिमला बाईपास मार्ग पर बड़ोवाला व धर्मावाला के मध्य सरकारी अस्पताल खोला जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.08.2015 | 37 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गिद्धों की वर्तमान स्थिति क्या है ? क्या इनकी संख्या बढ रही है या घट रही है या पुर्नस्थापित हो रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा अब तक गिद्धों के संरक्षण एवं पुर्नस्थापन तथा डायक्लोफिनॉक मुक्त क्षेत्र बनाने हेतु क्या कोई कदम उठाए हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि गिद्धों की कम होती हुई संख्या एवं नुकसान को देखते हुए क्या सरकार जनपदवार मृत मवेशियों के निस्तारण हेतु कोई ठोस कदम उठाने जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.08.2015 | 38 क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और इनकी बढती संख्या से नागरिकों के लिए एक बड़ा खतरा उत्पन्न हो रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आवारा कुत्तों पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है ? क्या सरकार द्वारा आवारा कुत्तों की बढती संख्या को रोकने के लिए क्या कोई उपाय किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री दलीप रावत<br>19.08.2015 | 39 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लैंसडौन वन प्रभाग के अन्तर्गत कोटद्वार रेंज में कण्व आश्रम (कलालघाटी) में झील निर्माण हेतु क्या विभाग द्वारा पर्यटन विभाग को अनुमति दे दी गयी है ? यदि नहीं, तो कब तक दे दी जाएगी ? | **वन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>20.08.2015 | 40 | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत कितनी सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है तथा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त सड़कों को एन0पी0वी0 जमा होने के बाद भी अन्तिम स्वीकृति न मिलने का क्या कारण है ? क्या सरकार अन्तिम स्वीकृति के लिए विशेष प्रबंध समयबद्ध तरीके से करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री दलीप रावत<br>20.08.2015 | 41 | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लालढांग (हरिद्वार) कोटद्वार–कालागढ–रामनगर मार्ग जो वन क्षेत्र से होकर जाता है के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है ? यदि हां, तो उक्त मार्ग पर वन विभाग द्वारा कार्य न करने देने के क्या कारण हैं ? क्या उक्त मार्ग को जनता के लिए निर्वाध आवागमन हेतु अनुमति दी जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री दलीप रावत<br>20.08.2015 | 42 | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चुन्डाई, धौलखेतखाल, अमलेसा, शीरूवाड़ी मार्ग के लगभग 01 कि0मी0 सड़क निर्माण हेतु वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है ? यदि नहीं, तो इसके विलम्ब के क्या कारण हैं ? क्या विभाग उक्त मार्ग के निर्माण हेतु इस वर्ष लोक निर्माण विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र दे देगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.08.2015 | 43 | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मोबाइल स्वास्थ्य सेवा को न्याय पंचायत मुख्यालय रिंगवाड़ी, विकास खण्ड एकेश्वर (पौड़ी गढवाल) में संचालित किए जाने के संबंध में निदेशक, राष्ट्रीय कार्यक्रम चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड के द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, पौड़ी गढवाल को लिखा गया है ? यदि हां, तो मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी गढवाल द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कृत कार्यवाही से प्रश्नकर्ता को अवगत न कराए जाने के क्या कारण हैं ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.08.2015 | 44 | क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत पशु सेवा केन्द्र मालधनचौड़ को स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत पशु चिकित्सालय में उच्चीकृत किए जाने के संबंध में आपको संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 3212/मंत्री/5–पशुपालन/2013–14 दिनांक 17 जुलाई, 2013 में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक पशु सेवा केन्द्र मालधनचौड़ को पशुचिकित्सालय में उच्चीकृत किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पशुपालन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21.08.2015 | 45 | क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकासखण्ड रामनगर के ग्राम ढेला में पशु सेवा केन्द्र स्थापित किए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 4394/मंत्री/ 5–पशुपालन/2013–14 दिनांक 21 अक्टूबर, 2013 के संदर्भ में आपके अ0शा0 पत्र संख्या 1880/वी0आई0पी0/13 दिनांक 22.10.2013 के द्वारा प्रश्नकर्ता के पत्र पर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निदेशक पशुपालन को प्रेषित किए जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो निदेशक पशुपालन द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी अभी तक प्रश्नकर्ता को उपलब्ध न कराए जाने के कारण क्या है तथा कब तक ग्राम ढेला में पशु सेवा केन्द्र की स्थापना की जायेगी ? | **पशुपालन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 21.08.2015 | 46 | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पद पर लम्बे समय से पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हो पाई है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनपद बागेश्वर में पूर्णकालिक मुख्य चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 21.08.2015 | 47 | क्या चिकित्सा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के काण्डा में ए0एन0एम0 व जी0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थान का शासनादेश वर्ष 2011 में हो चुका है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि काण्डा में ए0एन0एम0 व जी0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थानों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रवेश व प्रशिक्षण कार्य शुरू हो जाएगा ? यदि नही, तो क्यों ? | **चिकित्सा** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 21.08.2015 | 48 | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत वन विभाग में स्वीकृत सड़कों (मिसराज पट्टी/दुधई) के निर्माण हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 21.08.2015 | 49 | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सहसपुर में सी0एच0सी0 में तकनीकी उपकरणों (एक्सरे मशीन/अल्ट्रासाउन्ड मशीन) व तकनीक स्टाफ का अभाव है ? यदि हां, तो उपरोक्त सुविधा कब तक उपलब्ध कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री हरबंस कपूर 21.08.2015 | 50 | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत् 01 जनवरी, 2015 से 31 जुलाई, 2015 तक दून चिकित्सालय से कुल कितने मरीज अन्य चिकित्सालयों के लिये रेफर किये गये ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या वे किसी गम्भीर रोग से पीड़ित थे ? यदि हां, तो क्या ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री हरबंस कपूर 22.08.2015 | 51 | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य के दूर दराज के क्षेत्रों में (टाईम टु केयर) प्लान के अन्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण प्रस्तावित था ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस योजना के अन्तर्गत अब तक कितने केन्द्र स्थापित किये गये हैं तथा कुल कितने केन्द्रों को संचालित करने की अनुमति प्राप्त हुई है ? क्या सभी केन्द्र व्यवस्थित ढंग से चल रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द 22.08.2015 | 52 | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के पुरोला विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जरमोला नौरी कालसीधार ब्याली खिमोत्रा सर बडियार जाने वाला पूर्व निर्मित मोटर मार्ग का सरकार जोर्णोद्धार करेगी ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उपरोक्त मार्ग को लोक निर्माण विभाग में स्थानान्तरण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 22.08.2015 | 53 क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के स्वास्थ्य केन्द्र थत्यूड़ जो कि वर्तमान समय में पी0पी0पी0 मोड पर संचालित है वहां पर अल्ट्रासाउण्ड मशीन होने के बावजूद कार्य नहीं कर रही है ? क्या यह सत्य है कि सामुदायिक केन्द्र को इन्टरनेट के द्वारा नहीं जोड़ा गया जिसके कारण एम0एस0बी0वाई योजना का लाभ लेने के लिए गरीबों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पी0पी0पी0 मोड पर सी0एच0सी0 थत्यूड़ में वर्तमान में कितने डाक्टर व स्टाफ की सुविधा है तथा अल्ट्रासाउण्ड मशीन, इन्टरनेट एवं खुशियों की सवारी स्थानीय जनता को कब तक उपलब्ध हो जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 24.08.2015 | 54 क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही आशा कार्यकत्रियों को उनके कार्य के लिए कितना अनुदान दिया जाता है ? क्या आशा कार्यकत्रियों के कार्य को देखते हुए उनका अनुदान बढाने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 24.08.2015 | 55 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि नगर पंचायत लोहाघाट जनपद चम्पावत की सबसे पुरानी नगर पंचायत है ? क्या नगर पंचायत लोहाघाट को नगर पालिका बनाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार नगर पंचायत लोहाघाट को नगर पालिका बनायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री दलीप रावत 25.08.2015 | 56 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत आशा कार्यकत्रियों के माध्यम से राजस्व ग्रामों को जो धनराशि दी जाती है वर्ष 2015–16 में प्रदेश के समस्त राजस्व ग्रामों को उपलब्ध करा दी गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 26.08.2015 | 57 विधान सभा के प्रथम सत्र 2015 के प्रथम मंगलवार को उत्तरित अतारांकित प्रश्न संख्या 22 के कम में क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रादत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर नैनीताल के प्रयोगार्थ महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड द्वारा जिस अल्ट्रासाउण्ड मशीन उपलब्ध कराए जाने हेतु कार्यदेश निर्गत किए गए है तथा जिसका लोकार्पण दिनांक 15 फरवरी, 2015 को किया गया है वह अल्ट्रासाउण्ड मशीन किस मद से कय की गई है तथा इस मशीन के कय करने में कितनी धनराशि सरकार द्वारा व्यय की गई है ? क्या यह भी सत्य है कि रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर के प्रयोगार्थ अल्ट्रासाउण्ड मशीन कय हेतु विधायक निधि से 8.00 लाख की धनराशि चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को उपलब्ध करवाई गयी है ? यदि हां, तो इस धनराशि का उपयोग किए जाने का विवरण क्या है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 26.08.2015 | 58 क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करें कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत लोहाघाट सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उच्चीकरण किये जाने की मांग स्थानीय लोग क्या लम्बे समय से कर रहे हैं ? क्या सरकार लोहाघाट सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र का उच्चीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 26.08.2015 | 59 क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के अन्तर्गत विधान सभा लोहाघाट के मडलक क्षेत्र नेपाल सीमा से लगा क्षेत्र है एवं वहां पर एलोपैथिक चिकित्सालय खोले जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार मडलक में एलोपैथिक चिकित्सालय खोलेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत 27.08.2015 | 60 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के अन्तर्गत रामनगर क्षेत्र की स्वास्थ्य विभाग की समस्याओं के निवारण के संबंध में महानिदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखण्ड के पत्र संख्या 3प/पैरा/फार्मा/20/2013 दिनांक 06.03.2014 के द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, नैनीताल को निर्देशित किया गया है ? यदि हां, तो मुख्य चिकित्साधिकारी, नैनीताल द्वारा समस्याओं/शिकायतों के निवारण हेतु की गयी कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कृत कार्यवाही की जानकारी प्रश्नकर्ता को न कराए जाने के कारण क्या है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 28.08.2015 | 61 क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में अवस्थित केदारीबगड़ खेल मैदान को राजकीय स्टेडियम बनाये जाने का कोई प्रस्ताव शासन स्तर पर विचाराधीन है ? यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त खेल मैदान के विस्तारीकरण के लिये कोई योजना बनाये जाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री ललित फर्स्वाण 31.08.2015 | 62 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के नगर पंचायत कपकोट के कार्यालय भवन के निर्माण की स्वीकृति मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 266/2014 के द्वारा प्रदान की गई है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्रीमती अमृता रावत 31.08.2015 | 63 **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।** क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर में स्थित रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय पैथोलॉजी में टेक्निशियन की नियुक्ति किए जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 685/मंत्री/4–स्वास्थ्य/2013–14 दिनांक 18 फरवरी, 2014 पर मुख्यमंत्री द्वारा अपनी टीप में क "स्वीकृत/नियुक्ति" अंकित किया गया है ? यदि हां, तो पैथेलॉजी में टेक्निशियन की नियुक्ति/तैनाती करने/करवाने के संबंध में की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक टेक्निशियन की तैनाती किए जाने की संभावना है ? | **स्वास्थ्य** |
| श्रीमती अमृता रावत 01.09.2015 | 64 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय रामनगर की समस्याओं के निवारण के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1094/विधायक/4–स्वास्थ्य/2014–15 दिनांक 30 अगस्त, 2014 में वर्णित पांच बिन्दुओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए इन बिन्दुओं के निवारण हेतु आवश्यक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया गया है ? यदि हां, तो इनका बिन्दुवार विवरण क्या है तथा कब तक वर्णित बिन्दुओं में वर्णित समस्याओं का निवारण किए जाने की संभावना है ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 03.09.2015 | 65 क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत नवसृजित तहसील बनलेख में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 618/2012 द्वारा पी0एच0सी0 की स्वीकृति प्रदान की गई थी ? यदि हां, तो पी0एच0सी0 का शासनादेश कब तक जारी होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 03.09.2015 | 66 क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत नवसृजित तहसील काण्डा में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 288/2014 द्वारा पी0एच0सी0 की स्वीकृति प्रदान की गई थी ? यदि हां, तो पी0एच0सी0 का शासनादेश कब तक जारी होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 03.09.2015 | 67 क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में किन किन ऐलोपैथिक चिकित्सालयों में चिकित्सक नहीं है ? क्या सरकार चिकित्सक विहीन चिकित्सालयों में चिकित्सकों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 03.09.2015 | 68 क्या चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अवगत करायेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में लधिया घाटी क्षेत्र में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चौड़ा मेहता में कितने समय से चिकित्सक तैनात नहीं है ? क्या सरकार वहां पर चिकित्सक की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** |
| श्री आदेश चौहान 03.09.2015 | 69 क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत जल निगम द्वारा हरिद्वार नगर निगम क्षेत्र में पेयजल लाईनें बिछाने हेतु पूरे शहर में सड़कों को तोड़ा गया था तथा उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु जल निगम ने आवश्यक धनराशि नगर निगम हरिद्वार को उपलब्ध करा दी थी किन्तु आज तक भी शहर की पचास प्रतिशत सड़कें उसी हालत में पड़ी हुई हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों को अर्द्धकुम्भ से पूर्व ठीक कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री आदेश चौहान 03.09.2015 | 70 क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जनपद के ग्राम बहादराबाद में आयुर्वेदिक चिकित्सालय स्वीकृत है तथा चिकित्सालय निर्माण हेतु रू0 93 लाख की धनराशि भी स्वीकृत है किन्तु अभी तक चिकित्सालय का निर्माण शुरू नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि चिकित्सालय का निर्माण कार्य कब तक शुरू होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री ललित फर्स्वाण 04.09.2015 | 71 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत पोथिंग में स्वीकृत प्रा0 स्वा0 केन्द्र के भवन व आवासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि हां, तो क्या भवन विभाग को हस्तान्तरित हो चुके हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>04.09.2015 | 72 क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खेल विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विद्यालयों में खेल को प्रोत्साहन देने के लिए क्या उत्तराखण्ड सरकार धन आवंटन करती है ? यदि हां, तो तत्संबंधी विवरण क्या है ? यदि नही तो क्या भविष्य में सरकार खेल विभाग के विद्यालयों को धन आवंटन करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **खेल** |
| श्री दलीप रावत<br>04.09.2015 | 73 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वनघट–छानीखाल हेतु स्वीकृत सड़क मार्ग को वन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया है ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? क्या विभाग उक्त सड़क मार्ग हेतु अनपात्ति प्रमाण पत्र देगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री दलीप रावत<br>07.09.2015 | 74 क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वन विभाग के अन्तर्गत ढोलखेतखाल–अमलेसा मार्ग के 01 कि0मी0 सड़क हेतु लो0नि0वि0 को भूमि अभी तक हस्तान्तरित न करने के क्या कारण हैं ? क्या उक्त भूमि लो0नि0वि0 को हस्तान्तरति की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री दलीप रावत<br>08.09.2015 | 75 क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों के विभिन्न ग्रामों में ए0एन0एम0 केन्द्रों के अलावा ए0एन0एम के द्वारा ग्रामों का भ्रमण कर टीकाकरण किया जाता है ? यदि हां, तो क्या संबंधित ग्राम प्रधानों को ए0एन0एम0 द्वारा सूचित किया जाता है ? यदि हां, तो क्या सूचना न देने वाले ए0एन0एम के खिलाफ कोई कार्यवाही की जायेगी ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>13.08.2015 | 76. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट नगर की भूमि को फ्री होल्ड करने की मांग लम्बे समय से की जा रही है ? क्या सरकार मालिकाना हक दिलाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इस संबंध में कोई शासनादेश जारी किया गया है ? | **आवास** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>09.09.2015 | 77. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत गर्जिया मन्दिर के समीप झूलापुल पर एडवेन्चर प्रोग्राम संचालित किये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 1132/विधायक/21/वन/2014–15 दिनांक 10.09.2014 पर मुख्य वन संरक्षक कुमायूं, हल्द्वानी, नैनीताल द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कृत कार्यवाही से प्रश्नकर्ता को अवगत न कराए जाने के कारण क्या है तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा करने के प्रति कौन जिम्मेदार है ? | **वन** |
| श्री दलीप रावत<br>09.09.2015 | 78. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कार्बेट नेशनल पार्क के अन्तर्गत कितने एन0जी0ओ (गैर सरकारी संस्था) कार्य/सहयोग कर रहे हैं ? क्या उक्त गैर सरकार संस्थाओं को सरकार द्वारा कोई सरकारी सहायता दी गयी है ? यदि हां, तो उसका पूर्ण विवरण क्या है ? | **वन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री तीरथ सिंह रावत 09.09.2015 | 79. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पौड़ी के विधान सभा क्षेत्र चौबट्टाखाल के राजकीय चिकित्सालय बीरोंखाल एवं नौगांवखाल में कितने चिकित्सक / फार्मासिस्ट / वार्ड ब्याय हैं ? क्या मंत्री जी संख्या बताने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री तीरथ सिंह रावत 09.09.2015 | 80. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र चौबट्टाखाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटीसैंण का विस्तारीकरण एवं उच्चीकरण होगा ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर 15.09.2015 | 81. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ हेतु स्वीकृत बेस हॉस्पिटल लून्ठूडा में बनाया जा रहा है और उसके लिए भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है और धन भी आवंटित किया जा चुका है किन्तु कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ? क्या सरकार द्वारा उक्त कार्य को शीघ्र प्रारम्भ कराया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मयूख महर 15.09.2015 | 82. | क्या कारागार मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ में निर्माणधीन कारागर में अब तक कुल कितना धन व्यय हो चुका है और शेष कार्य हेतु कितने धन की आवश्यकता होगी ? क्या सरकार उक्त धन की व्यवस्था करने में सक्षम हैं ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त अर्द्वनिर्मित करागार भवन को बन्दर वाडा बनाने पर विचार करेगी ताकि क्षेत्रीय कृषकों को कुछ राहन मिल जाय व भवन का उपयोग भी हो जाय ? यदि हां, तो यह कार्य कब तक होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कारागार** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 21.09.2015 | 83. | **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार की मंगलौर नगरपालिका में एस0एस0 कन्सट्रक्शन कम्पनी द्वारा वर्ष 2012–13 में किये गये निर्माण कार्य का भुगतान शासनादेश के बाद भी क्यों नहीं किया गया है ? क्या दोषी व्यक्ति के विरूद्ध सरकार कार्यवाही करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नगर विकास** |
| श्री राजेश शुक्ला 30.09.2015 | 84. | क्या गन्ना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किच्छा चीनी मिल में दो युवकों की कार्य के दौरान मौत हो गई ? यदि हां, तो इस पर किस अधिकारी की क्या जवाबदेही तय हुई तथा इन दोनों मौतों में एक युवक के लिए चीन मिल कर्मचारियों द्वारा सहायता दी गई किन्तु दूसरे युवक को चीनी मिल कर्मचारियों या सरकार द्वारा कोई सहायता नहीं दी गयी है ? यदि हां, तो यह भेदभाव क्यों किया गया ? तथा सरकार दूसरे युवक के परिजनों को कोई सहायता दिलायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **गन्ना** |
| श्री चन्द्रशेखर 01.10.2015 | 85. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत राजाजी राष्ट्रीय पार्क खानपुर रैंज से लगे सभी गांव जंगली जानवरों के आतंक से पूरी तरह से भयभीत है ? यदि हां, तो क्या सरकार जंगली जानवरों से ग्रामवासियों की सुरक्षा के लिए किसी योजना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री राजेश शुक्ला<br>01.10.2015 | 86. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि किच्छा विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने स्वास्थ्य केन्द्र हैं तथा कहां कहां स्थित हैं तथा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में कितने पद स्वीकृत हैं तथा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र के स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने व कौन से कर्मचारी नियुक्त हैं ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>01.10.2015 | 87. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सांकरी से ओसला तक सड़क/हल्का वाहन मार्ग बनाने पर सरकार विचार करेगी जहां एक ओर विश्व प्रसिद्ध हरकीदून पर्यटक स्थल है जहां देश विदेश से पर्यटक हर वर्ष आते रहते हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री मालचन्द<br>01.10.2015 | 88. | क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के गोविन्द वन्य जीव विहार के अन्तर्गत अब तक कितने पैदल एवं रज्जो मार्ग स्वीकृत किये गये हैं और किन किन मार्गों के लिए धन स्वीकृत किये गये हैं और कितने कार्य पूर्ण हो गये हैं एवं कितना धन अवमुक्त हो गया है और शेष कार्य कब तक पूर्ण होंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>03.10.2015 | 89. | क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा के उत्तरीभाग से लगा वन क्षेत्र खानपुर रेंज व राजाजी नेशनल पार्क धीरे धीरे हरे भरे कीमती वृक्षों से वंचित होता जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस वन क्षेत्र में फिर से वृक्ष लगवाने की किसी योजना पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि  नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री चन्द्रशेखर<br>05.10.2015 | 90. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम बुग्गावाला में प्रा0 स्वास्थ्य केन्द्र फर्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है ? क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों की कमी को पूरा करने हेतु कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>05.10.2015 | 91. | **तृतीय सोमवार के अता0 98 में स्थाना0**<br>क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला में निर्माण कार्यों के लिए बजरी/पत्थर के पट्टे स्वीकृत नहीं किये गये थे जिससे कास्तकार अपने छोटे छोटे कामों के लिए भी बजरी/पत्थर न मिलने से परेशान हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उपरोक्त छोटे छोटे कार्यों के लिए कास्तकारों को बजरी पत्थर के लिए कोई छूट देने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वन** |
| श्री हरबंस कपूर<br>05.10.2015 | 92. | क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों के कुल कितने यू0पी0एच0सी0 पी0पी0पी मोड पर चल रहे हैं ? क्या सरकार ने इन चिकित्सालयों के संचालक संस्थानों के चयन हेतु कोई पारदर्शी व्यवस्थ बनाई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि  नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |
| श्री मालचन्द<br>07.10.2015 | 93. | क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के सामुदायिक केन्द्र नौगांव चार धाम यात्रा का मुख्य पड़ाव नौगांव है जहां पर डॉक्टर नहीं है और दुर्घटना होने पर पोस्टमार्टम की व्यवस्था पूरे रंवाई घाटी में कही पर नहीं है ? क्या सरकार सामुदायिक केन्द्र नौगांव में पोस्टमार्टम/डॉक्टरों की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **स्वास्थ्य** |